# पाठ २- (वर्ण - विचार)

प्र० उ० (in copy) Pg. 14

(1) हिन्दी वर्ण माला में कुल कितने स्वर और व्यंजन हैं ?

उत्तर= हिन्दी वर्णमाला में 11 (ग्यारह) स्वर और 33 (तैंतीस) व्यंजन हैं।

(2) व्यंजन का उच्चारण करते समय किस स्वर की सहायता लेनी पड़ती है ?

उत्तर= व्यंजन का उच्चारण करते समय 'अ' स्वर की सहायता लेनी पड़ती है।

(3) वाक्य किसे कहते हैं ?

उत्तर= शब्दों के मेल को वाक्य कहते हैं।

(4) वर्णमाला किसे कहते हैं ?

उत्तर= वर्णों के समूह को वर्णमाला कहते हैं।

सही करके वाक्य दोबारा लिखो :- (in copy)

(1) तोता हरी है खाता मिर्च — उत्तर= तोता हरी मिर्च खाता है।

(2) सो रोगी है रहा — उत्तर= रोगी सो रहा है।

(3) चुनरी गुलाबी ने चुहिया दी कुतर — उत्तर= चुहिया ने गुलाबी चुनरी कुतर दी।

सही उत्तर पर सही का निशान लगाएँ :- (in Book) Pg. 14, 15

(1) भाषा की सबसे छोटी इकाई को क्या कहते हैं ? — उत्तर= वर्ण

(2) वर्णों का उच्चारण करते समय किसकी सहायता लेनी पड़ती है ? — उत्तर= स्वर

(3) ( ्) इस तिरछी रेखा को क्या कहते हैं ? — उत्तर= हलंत

(4) स्वर और व्यंजन किसके अंतर्गत आते हैं ? — उत्तर= वर्णमाला

वर्णों को मिलाकर शब्द बनाएँ :- (in Book) Pg. 15

1- क् + ओ + म् + अ + ल् + अ = कोमल

2- स् + अ + ड़् + अ + क् + अ = सड़क

3- क् + ए + ल् + आ = केला

'र' के विविध रूपों को दिए गए शब्दों में प्रयोग करो :- ( ्र) ( ्र) ( ि) (र) (रु) (रू)

(1) वषा = वर्षा / (2) रुई = रूई / (3) रखा = रेखा / (4) बज = ब्रज /

(5) पेम = प्रेम / (6) टेन = ट्रेन / (in Book) Pg. 15

'र' के विविध रूपों से दो-दो शब्द कॉपी में भी लिखो।

शब्दों को सही करके लिखो :-

| | |
|---|---|
| यलको = कोयल | लवाह = हलवा |
| लफू = फूल | कजोर = जोकर |
| ड़ाकप = कपड़ा | रगाज = गाजर |
| रदबं = बंदर | गपतं = पतंग |

Scanned with CamScanner

Assignment (Hindi), Class-IV
ch- 1, (भाषा, व्याकरण और लिपि)

निर्देश = कॉपी का कवर = Blue (नीला)

प्र॰ = निम्नलिखित में सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाएँ:- (in Book) Pg.No=8
1- ऐसा साधन जो किसी भाषा में शुद्ध बोलना, पढ़ना और लिखना सिखलाता है, उसे क्या कहते हैं? उत्तर (ख) व्याकरण
(2) हिंदी, मराठी और संस्कृत भाषाएँ किस लिपि में लिखी जाती हैं?
उत्तर = (क) देवनागरी
(3) 'बच्चों ने पाठ याद किए और उन्हें लिखा' बच्चों ने विचारों का आदान-प्रदान किस रूप में किया? उत्तर = (ग) लिखित
(4) मूक-बधिर लोग किस भाषा में बात करते हैं? उत्तर = (घ) इशारों की भाषा

प्र॰- खाली स्थान भरो:- Pg.N. (9) (in Book)
(1) भाषा के द्वारा हम अपने विचार और भाव प्रकट कर सकते हैं।
(2) मोबाइल से बातचीत भाषा का मौखिक रूप है।
(3) व्याकरण भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराता है।
(4) भारत में 22 भाषाएँ मान्य हैं।
(5) हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है।

प्र॰- राज्य और उनकी भाषा:- Pg.N.(9) (in copy and in Book)
ओड़िशा = उड़िया / पंजाब = पंजाबी / असम = असमिया /
कर्नाटक = कन्नड़ / आंध्र प्रदेश = तेलुगु / केरल = मलयालम /

प्र॰-उ॰ = (in copy)
(1) हम अपने विचारों का आदान-प्रदान किस प्रकार करते हैं?
उत्तर = हम अपने विचारों का आदान-प्रदान भाषा के द्वारा लिखकर और बोलकर करते हैं।

(2) हमें शुद्ध बोलने और लिखने की जानकारी कौन देता है?
उत्तर = हमें शुद्ध बोलने, लिखने और पढ़ने की जानकारी व्याकरण देता है।

(3) राष्ट्र भाषा किसे कहते हैं? हमारे देश की राष्ट्रभाषा कौन-सी है?
उत्तर = देश की अपनी एक भाषा होती है जिसे उस देश की राष्ट्रभाषा कहते हैं। हमारे देश की राष्ट्र भाषा हिंदी है।

(4) किन्हीं तीन लिपियों के नाम लिखो।
उत्तर = (1) देवनागरी लिपि (2) रोमन लिपि (3) गुरमुखी लिपि

Scanned with CamScanner